सं0 सं0–टी / 01 स्था0 (06) अनु0–09 / 2025..1604..... /
24.06.25

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना।

प्रेषक,

निदेशक,
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. Principal, Saran Pvt ITI, (PR10000128) S.D.S College Road, Katra Newaji Tola, Chapra, Saran PIN-841301
2. Principal, Shivani Institute of Technology Vill- Prashant Nagar, Near Chamaria Maidan Balla (Begusarai) Bihar
3. Principal, Adarsh Kashav Pvt. ITI, Barbigha, Karpi, Arwal-804419
4. Principal, Jiya ITI (PVT) Brahampura, Phulwari Sharif, Patna-801505

**विषयः– बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या 23 / 2023 तथा 38 / 2023 से 52 / 2023 अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार (प्रशिक्षण पक्ष), पटना के नियंत्रणाधीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों / कार्यालयों हेतु विभिन्न व्यवसाय अनुदेशकों के पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभाग द्वारा आयोजित दस्तावेज सत्यापन के क्रम में निदेशालय पत्रांक–1036 दिनांक–17.04.2024 से गठित कमिटि के आहुत बैठक के प्रतिवेदन के आलोक में आपके संस्थान द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र के संदर्भ में अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक–26.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे संयुक्त निदेशक (LWE), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), नियोजन भवन, 4वीं तल बी ब्लॉक, बेली रोड, पटना, बिहार के कार्यालय कक्ष में एतदर्थ कमिटी के समक्ष संगत दस्तावेज के साथ उपस्थिति होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा इस संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
24/06/25
(सुनील कुमार यादव)
निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।

प्रतिलिपि– सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण के सचिव / एतदर्थ कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्य / मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी / आई0 टी0 मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।